# प्रभू नाम का मैं नशा चाहता हूँ भजन लिरिक्स

प्रभू नाम का मैं नशा चाहता हूँ,
विनय कर रहा हूँ दया चाहता हूँ।bd।

तर्ज – तेरे प्यार का आसरा चाहता हूँ।

---

परभू नाम का जाम मुझे भी पिलादो,
जो देखा न कभी भी वो जलवा दिखादो,
लगी है तलव जो उसे तुम बुझादो,
लगी है तलव जो उसे तुम बुझादो,
शरण मे तुम्हारी जगह चाहता हूँ,
विनय कर रहा हूँ दया चाहता हूँ,
प्रभू नाम का मै नशा चाहता हूँ,
विनय कर रहा हूँ दया चाहता हूँ।bd।

---

मिट जाए हस्ती छा जाए मस्ती,
रहमत पे तेरी टिकी मेरी कश्ती,
बन्दो को अपने जो तुमने बक्शी,
बन्दो को अपने जो तुमने बक्शी,
वही तो निगाहे करम चाहता हूँ,
विनय कर रहा हूँ दया चाहता हूँ,
प्रभू नाम का मै नशा चाहता हूँ,
विनय कर रहा हूँ दया चाहता हूँ।bd।

---

चरणो का अपने दिवाना बनालो,
अपनी शमाँ का परवाना बनालो,
दुनिया से मुझको बेगाना बनादो,
दुनिया से मुझको बेगाना बनादो,
अपने आपको भूलना चाहता हूँ,
विनय कर रहा हूँ दया चाहता हूँ,
प्रभू नाम का मै नशा चाहता हूँ,
विनय कर रहा हूँ दया चाहता हूँ।bd।

---

प्रभू नाम का मैं नशा चाहता हूँ,
विनय कर रहा हूँ दया चाहता हूँ।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

– भजन लेखक एवं प्रेषक –
शिवनारायण वर्मा,
मोबा.न.8818932923
**/7987402880**

वीडियो अभी उपलब्ध नहीं।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com